**PRINT**

# अमर उजाला (Amar Ujala)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 132485 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 01-07-2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 12 | क्रम सं. (Serial No.) 11 |

## बड़ी उपलब्धि : सीआईएसएफ कैडर के आईजी रैंक अफसरों में 50% महिलाएं

**अहम पद पर चार महिलाएं काबिज**
**लैंगिक समानता की मिसाल बना बल**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में अधिकारी रैंक में लैंगिक समानता की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मौजूदा समय में बल में महानिरीक्षक (आईजी) पद पर सीआईएसएफ कैडर के अधिकारियों में 50% महिलाएं हैं।

सीआईएसएफ के मुताबिक, आईजी स्तर पर अभी चार वरिष्ठ महिला अधिकारी शांति जयदेव (आईजी, पूर्वी क्षेत्र), ज्योति सिन्हा (आईजी, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग), प्रतिभा अग्रवाल (आईजी, तकनीक और प्रावधान, मुख्यालय), और नीलिमा रानी (आईजी, मध्य क्षेत्र) आसीन हैं। वैसे तो बल में कुल आईजी पद 16 होते हैं लेकिन इनमें आधे भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के लिए आरक्षित होते हैं। आठ पद सीआईएसएफ कैडर अधिकारियों के पास होते हैं, जिनमें चार पर महिला अधिकारी हैं। सीआईएसएफ ने इस उपलब्धि को महिलाओं के बीच नेतृत्व को बढ़ावा देने और शीर्ष पदों पर लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए अपने बल की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब बताया। केवल तीन बटालियनों की ताकत के साथ कुछ संवेदनशील सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को एकीकृत सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए 1969 में अस्तित्व में आया सीआईएसएफ अब 1,88,000 से अधिक कर्मियों के साथ एक प्रमुख बहु-कुशल संगठन बन गया है। ब्यूरो

**महिला कर्मियों के लिए स्थापित होगी विशेष डेस्क :** सीआईएसएफ ने सोमवार को कहा कि वह विभिन्न पदों पर तैनात 12 हजार से अधिक महिला कर्मियों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष डेस्क स्थापित कर रहा है। यह डेस्क दिल्ली में सीआईएसएफ मुख्यालय में स्थित होगी और विशेष रूप से उनके मुद्दों और शिकायतों का ही समाधान करेगी।